<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–26 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को देश के संकल्प, साहस और बढती शक्ति का प्रदर्शन बताया, कहा–आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हुआ नए उत्साह का संचार।
- जापान को पीछे छोड़ कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना भारत, अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंचने की तैयारी।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठनबंधन–एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार की उपलब्धियों को लेकर दी प्रस्तुति।
- प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में आई गिरावट।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कल कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं बल्कि राष्ट्र के संकल्प और साहस का प्रतीक है।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है। उसने हर हिंदुस्तानी का सर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वह अद्‌भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी हथियारों ने दुनिया को भारत की ताकत दिखाई है। इसने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे से सराबोर कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा, जो हमें दैनिक जीवन में योग समाहित करने की याद दिलाता है। उन्होंने बीस मई को मनाए गए विश्व मधुमक्खी दिवस का भी उल्लेख किया और कहा कि यह भारत में स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने बिहार में खेलो इंडिया गेम्स दो हजार पचीस का जिक्र करते हुए सभी पदक विजेताओं को बधाई भी दी।

**इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकार्ड बने। वेट लिफ्टिंग स्पर्धाओं में महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। एथलेटिक में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान और राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। जो खेलता है, वही खिलता है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा खेलो इंडिया गेम्स में बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी की उपलब्धियों का उल्लेख करने पर गर्व जताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया का विजन निरंतर सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश में शहद उत्पादन के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उल्लेख करने पर श्री योगी ने कहा कि क्षेत्रीय किसानों और महिला उद्यमियों से शहद खरीदने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया है। प्रदेश के अलग अलग जिलों में केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामूहिक तौर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

**********

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी क्रम में उन्नीस सौ पैंसठ के भारत –पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

**1923 में मुंबई में जन्मे लेफ्टिनेंट कर्नल आर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर को अप्रैल 1951 में पूना हॉर्स वैन्यू  में नियुक्ति मिली। 1965 में भारत–पाक युद्ध में लेफ्टिनेंट कर्नल ए वी तारापोर की कमान में 17 हॉर्स ने पीछे से फिलोरा पर अचानक हमला करने का फैसला किया, जब रेजीमेंट फिलोरा और चामुंडा के बीच आगे बढ़ रही थी तो वजीर बली से दुश्मन की ओर से अचानक हमला किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल तारापोर जमीन पर डटे रहें और अपनी रेजीमेंट का नेतृत्व करते हुए वजीरबली पर कब्जा कर लिया। अपनी चोट की परवाह किए बिना अपनी टीम के साथ आगे बढ़े और जसोरन और बुटुरडोंगरारी पर भी कब्जा कर लिया। उन्होंने दोनों जगहों पर अपनी धुरी बनाए रखी और सहायक पैदल सेना को चामिंडा पर पीछे से हमला करने में मदद की। उनके नेतृत्व से प्रेरित होकर रेजीमेंट ने**

**लगभग 60 दुश्मन टैंकों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में लेफ्टिनेंट कर्नल तारापोर वीरगति को प्राप्त हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल तारापारे को मरणोप्रान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अनुपम मिश्रा आकाशवाणी समाचार।**

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारत शौर्य तिरंगा यात्राएं निकाले जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कल जौनपुर में प्रदेश के खेल राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मऊ जिले के मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र में भी कल विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**********

भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोडकर विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गई है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मणयम ने कहा है कि भारत अब अगले ढाई से तीन वर्षो के दौरान जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने को तैयार है। नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों के अनुसार भारत अब चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का एक दिन का सम्मेलन कल नई दिल्ली में आयोजित हुआ। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित एनडीए शासित सभी बीस राज्यों के बीस मुख्यमंत्री और अठारह उपमुख्यमंत्री बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महत्वपूर्ण योजना प्रोजेक्ट अलंकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। बैठक में शामिल अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इस परियोजना की सराहना की। प्रोजेक्ट अलंकार परियोजना प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सुबह साढ़े दस बजे लखनऊ स्थित लोकभवन से बेसिक शिक्षा विभाग के कई कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों आज प्रदेश भर में एक सौ उन्तालीस उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नव निर्मित भवनों का लोकार्पण और तैंतालीस मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों तथा छांछठ मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का शिलान्यास होगा। इस अवसर पर यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता–मोजा और स्टेशनरी खरीद के लिए छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातो में बारह–बारह सौ रूपये का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। लोक भवन में होने वाले इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज संतकबीर नगर जिले के दौरे पर आएंगे। वह दोपहर बाद जिले के बाबा तामेश्वरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। साथ ही धाम के समीप आयोजित एक समारोह में एक हजार पांच सौ पन्द्रह करोड़ रूपये की पांच सौ अट्ठाइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

कानपुर नगर के कैंट थाना अंतर्गत मैस्कर घाट पर गंगा नदी में नहाते वक्त डूब जाने से तीन युवकों की मौत हो गयी। कल दोपहर बाद छह युवकों–व किशोरों का समूह मैस्कर घाट पर गंगा नदी में स्नान कर रहा था। इस बीच ये सभी लोग गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने इनमें से तीन को बचा लिया।

**********

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। फर्रूखाबाद, अमरोहा, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, इटावा और सम्भल में कल तेज हवाओं के साथ हल्की से लेकर मध्यम बारिश हुई। वहीं आज तड़के पीलीभीत और अमरोहा सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान काफी गिरावट दर्ज की गयी है।

**********